भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 626

20 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए

कौशल विकास एवं उद्यमिता कार्यक्रम

626. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत एक वर्ष के दौरान बिहार में रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के लिए कोई कौशल विकास और उद्यमिता कार्यक्रम शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बिहार में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार सृजन हेतु कोई इस्पात इकाई स्थापित करने की योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) और (ख): जी नहीं। इस्पात मंत्रालय ने पिछले एक वर्ष के दौरान बिहार राज्य में कोई कौशल विकास और उद्यमिता कार्यक्रम आरंभ नहीं किया है। तथापि, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल), जो इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का एक उद्यम (सीपीएसई) है, ने पिछले एक वर्ष में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अधीन पटना, बिहार में एक कौशल विकास कार्यक्रम में सहयोग दिया है। विवरण निम्नवत् है:-

कौशल विकास कार्यक्रम का विवरण	अवधि	स्थान/राज्य
महिला दस्तकारों के लिए एकीकृत कौशल उन्नयन कार्यक्रम - 40 महिला दस्तकारों को नए/नवीन डिजाइन पैटर्न के क्षेत्र में प्रशिक्षण देकर उनका कौशल बढ़ाना, बाजार अंतर्दृष्टि विकसित करना, बिक्री में वृद्धि और विपणन कार्यक्रमों के माध्यम से भविष्य के लेनदेन के लिए लिंकेज बनाने हेतु कढ़ाई हस्तशिल्प प्रशिक्षण।	1 दिसंबर, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक	पटना, बिहार

(ग) और (घ): जी नहीं। इस्पात मंत्रालय के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

****